ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 90 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, शुक्रवार 21 जून, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

कौशलं बलम्

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



**श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



**श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



**इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



## प्रदेश आस/पास



# वार्ड संख्या-6 बागमिर्जा के रिक्त सदस्य पद पर 08 जुलाई को होगा मतदान


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) संजीव रंजन ने जनपद के नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी के वार्ड संख्या-6 बागमिर्जा के रिक्त सदस्य पद के उप निर्वाचन की समय सारिणी जारी करते हुये बताया है कि दिनांक 22 जून तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है, 24 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थी की नाम वापसी, 27 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन, 08 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 5 बजे तक मतदान एवं दिनांक 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना की जायेगी। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दिनांक 18 जून से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, अभ्यर्थन वापस लेने, प्रतीक आवंटन की कार्यवाही सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी के अपने स्वयं के कार्यालय पर की जायेगी। नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी के वार्ड संख्या-6 बागमिर्जा के सदस्य पद हेतु महिला के लिये आरक्षित/आवंटित स्थान पर उप निर्वाचन सम्पनन कराया जायेगा। नगरीय निकाय उप निर्वाचन हेतु समय सारिणी के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर सभी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही कार्यवाही की जायेगी।

# 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट करना प्रतिबन्धित-जिला मजिस्ट्रेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने बताया है कि नदियों में मछली की अवैध शिकारमाही करके मत्स्य बीज नदियों से निकालकर फ्राई एवं फिंगरलिंग कर बेचे जाते है जिससे मछुआ एवं परम्परागत मत्स्य पालन कर रहे समुदायों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा प्राकृतिक मत्स्य सम्पदा की हानि होती है। जिला मजिस्ट्रेट ने शासनादेश/निर्देश के क्रम दिनांक 15 जून से 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट करना तथा 15 जुलाई से 30 सितम्बर की अवधि में फ्राई एवं फिंगरलिंग को पकड़ना, नष्ट करना व बेचना आदि प्रतिबन्धित कर दिया है। यह आदेश जनपद प्रतापगढ़ में सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

# शासन द्वारा स्थानांतरित आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र,प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का किया कार्य भार ग्रहण

**(आधुनिक समाचार नैटर्वक)**
**प्रयागराज।** विगत दिनों शासन द्वारा स्थानांतरित आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी पीएसी सेक्टर कानपुर/वाराणसी द्वारा आज प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का कार्यभार ग्रहण किया। विदित हो कि डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा विगत चार बार से लगातार माघ मेला प्रभारी के रूप में सफलतापूर्वक माघ मेला संपनन कराया गया है। सूत्रों की माने तो उनका स्थानांतरण आगामी महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज किया गया है। डॉ राजीव नारायण मिश्र को पूर्व में राम जन्मभूमि पर हुए आतंकवादी हमले को विफल करने में योगदान देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति भारत द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही उनको सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक एवं अन्य विभिनन अलंकरण भी प्राप्त हो चुके हैं। डॉ मिश्र पूर्व में एसएसपी एसटीएफ, लखनऊ, एसपी कुशीनगर, एसपी ट्रैफिक नोएडा, एसपी एटीएस एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रह चुके हैं।



# नीट परीक्षा में हुवे धांधली का देश के नौजवानों पर पड़ेगा गहरा असर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्वी जोन के अध्यक्ष ऋषभ पांडे के निर्देश पर युवा नेता अंशु मदेशिया ने ऊं परीक्षा में हुए धांधली को




लेकर बढ़ौली चौराहा पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें अंशु मदेशिया ने कहा कि नौजवानों की भविष्य के साथ जिस प्रकार का खिलवाड़ हो रहा है वह देश हित में नहीं है, सरकार द्वारा दोषियो परकड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए इस कार्यक्रम में उपस्थित युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने कहा कि नौजवान खुद ही पिछले 10 वर्षों से बेरोजगारी का दंस झेल रहा है ऊं जैसी परीक्षा में भी धांधली होने से युवाओ द्वारा विश्वास खोता जा रहा है, ऐसे ही परीक्षाओं में धांधली होगी युवा नौजवान छात्राओं द्वारा क्या करेंगे, मुख्य रूप से उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे आशु ने कहा कि नीचे तकबे के परिवार के लोग किसान नौजवान व्यापारी मध्यमवर्ग किस प्रकार से अपना दो-दो पैसा बचा कर बच्चों को तैयारी करने के लिए बाहर भेजते हैं मध्यम परिवार के बच्चे जो तैयारी कर रहे है किन परिस्थितियों में बाहर रहकर तैयारी करते हैं एक उम्मीद के साथ परीक्षा देने पर पेपर लिक जैसे कार्य हो जाने से इनका उनके परिवार व उनके भविष्य का जो उम्मीद होता है वह खत्म हो जाता है सरकार को इस पर लिप्त दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए इस हस्ताक्षर अभियान में उपस्थित श्रीकांत मिश्रा गुलाम असिन हरिशंकर विश्वकर्मा फैयाज खान मनीष सुनील मनोज सोनी दीपू पांडे खुर्शीद आलम तमाम छात्राओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर अपना सहयोग दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस रानीगंज में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें,11 मामलों का मौके पर किया निस्तारण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 260 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 11




शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 260 शिकायतों में से 108 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 84, विकास विभाग से 27, समाज कल्याण से 06 एवं 35 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता साबिरा पतनी स्व0 इन्सान अली ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के पूर्वजों की भूमि ग्राम पूरेहिरामन की गाटा संख्या 409 है, प्रार्थिनी के पति इन्सान अली सुत मो0 हनीफ के नाम भूमि है, प्रार्थिनी का पति इन्सान अली ग्राम पूरेहिरामन तहसील रानीगंज का रहने वाला था जिसकी मृत्यु दिनांक 13.06.2023 को हो चुकी है। प्रार्थिनी व उसके दो पुत्र शेर अली व शमसाद अली उपरोक्त पते पर ननिहाल/माइके में रहते है जो कि दो बार वरासत के लिये आनलाइन करा चुके है लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश मिश्रा के द्वारा बगैर जांच किये निरस्त कर दिया जाता है और लेखपाल कहते है कि जाओ तहसीलदार के यहां से करा लो, इस प्रकरण को जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुये क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश मिश्रा को निलम्बित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया और तहसीलदार रानीगंज को शिकायतकर्ता की वरासत दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने उपस्थित अधिकारियां से कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने शहीद उद्यान में योग सप्ताह दिवस का किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में दिनांक 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। योग सप्ताह दिवस के अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों व जनसामान्य ने विभिनन योगासन किया।योग प्रशिक्षक द्वारा योगासन की विभिनन मुद्राएं यथा वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, शलभ आसन, मकराआसन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीतली प्राणायाम, उष्ट्रासन, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, ताड़ासन इत्यादि का योगाभ्यास कराया गया एवं योग के लाभों को बारें में बताया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने उपस्थित लोगों से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की। उन्होने कहा कि नियमित रूप से योग करें और निरोग रहें। योग के माध्यम से तन और मन को चुस्त-दुरूस्त एवं स्वस्थ्य रखे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दैनिक जीवन में योग का निरन्तर उपयोग करें, योग स्वस्थ जीवन जीने का एक तरीका है, इससे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी योग के लाभों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।योग सप्ताह कार्यक्रम में पतंजलि परिवार, आर्ट ऑफ लीविंग का सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 जयराम यादव, जिला होम्योपैथ चिकित्साधिकारी डा0 ममता सचान सहित डा0 रंगनाथ शुक्ला, डा0 ब्रम्हानन्द, डा0 आकांक्षा, आकाशदीप मिश्रा, आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एवं कॉलेज
मेजा, प्रयागराज
शीघ्र आवश्यकता
प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक
स्कूल एवं कोचिंग के लिए
कक्षा 6 से 12
विषय - गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कम्प्यूटर एवं समाजिक अध्ययन
स्कूल शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध है
उम्मीदवार के पास योग्य डिग्री के साथ-साथ धाराप्रवाह अंग्रेजी संचार कौशल होना चाहिए
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - 7505561664, 9415017879
DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE

URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST, SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk In Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degree
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879



















## संक्षिप्त समाचार

### पानी की समस्या के साथ नालियों की सफाई जल्द पूरा कराएः रूबी प्रसाद

**(आधुनिक समाचार नैटर्वक)**

**सोनभद्र।** जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये मंगलवार को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जन समस्याओं की त्वरित निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन नगर पालिका परिषद सोनभद्र में किया गया। उक्त जनसुनवाई में हैण्डपम्प मरम्मत, नाला-नाली सफाई एवं अन्य शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित पटल सहायकों को निर्देशित किया गया एवं भविष्य में भी प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को शीघ्राति शीघ्र निस्तारण हेतु आदेश दिया गया।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने वाणिज्यकर कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की सोनभद्र इकाई वाणिज्यकर कार्यालय पर सांकेतिक धरना देते हुए मांग किया है कि व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाए बिना व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए जिससे व्यापारियों में विभाग के प्रति विश्वास पैदा किया जा सके। संगठन के पदाधिकारीयों ने विभागीय अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि व्यापारी को अपने केस के संदर्भ में न तो कोई जानकारी हो पाती है ना ही कोई नोटिस प्राप्त होती है सीधे उनके के यहां आर. सी. पहुंच जाती है एवं बिना जानकारी के बैंक खाता सीज कर दिया जाता है एवं खाते से पैसा विभाग के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाता है।



जबकि सुप्रीम कोर्ट की भी गाइडलाइन है की मुकदमे की नोटिस नियमानुसार उपलब्ध कराई जाए इसके उपरांत कोई कार्रवाई की जाए उन्होंने आगे कहा कि अपर मुख्य सचिव के पत्रांक संख्या- 275/उ.प्र. व्या. क. बोर्ड/2021 दिनांक 2/11/21 के आदेश में स्पष्ट रूप से इस बात का उल्लेख है कि व्यापार बंधु की नियमित रूप से प्रति माह बैठक आयोजित की जाए। संगठन के जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा माह में एक बार ऐसी मीटिंग होनी चाहिए जिसमें व्यापारियों अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को भी शामिल किया जाए इससे एक और जहां व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण होगा दूसरी ओर व्यापारियों को विभागीय नियम के बारे में जानकारी भी प्राप्त होगी। संगठन के नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग का कार्यालय किराए की बिल्डिंग में संचालित किया जा रहा है ना तो यहां व्यापारियों की बैठने की व्यवस्था है नहीं पीने की पानी की व्यवस्था है और न हीं शौचालय ही उपलब्ध है सबसे ज्यादा परेशानी उन महिला व्यापारियों को होती है जो विभाग में आकर शौचालय हेतु इधर-उधर भटकती है उन्होंने कहा कि किराए की बिल्डिंग में कार्यालय चलने के कारण व्यापारियों की मूलभूत आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो पाती वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल जी ने कहा कि विभाग में एक और जहां कर्मचारियों की कमी है वहीं दूसरी ओर अधिकारी कार्यालय में समय से उपलब्ध नहीं हो पाते जिनके कारण दुर्दराज से आए व्यापारियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ज्ञापन देने वाले में मुख्य रूप से सिद्धार्थ सांवरिया ,अमित केसरी, दीप सिंह पटेल, यशपाल सिंह, शरद जायसवाल, अमित अग्रवाल, शिवनाथ मेहता, दिनेश सिंह, धर्मेंद्र प्रजापति, कृष्णा सोनी, अमित अग्रवाल, अमित वर्मा अवधेश सेठ, नरेंद्र मोदनवाल, राम सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग घर गृहस्थी जलकर खाक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** दुद्धी तहसील के बभनी थानांतर्गत ग्राम सांवरा में मंगलवार की दोपहर अचानक एक घर में आग लगने से मकान सहित घर में रखा गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। घर के लोगों ने आग देखकर किसी तरह बाहर भागकर जान बचाई। सांवरा गांव के निवासी दो सगे भाई बैंकटेश्वर प्रसाद दूबे तथा राजेश प्रसाद दुबे का खपड़ैल का मकान है। एक भाई घर पर ही रहते हैं तो दूसरे किसी निजी संस्थान में काम करते हैं। मंगलवार दोपहर गांव के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरा घर और घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस व ग्राम प्रधान को दी गई। लेकिन बुधवार सुबह तक किसी तरह की प्रशासनिक सहायता नहीं पहुंच सकी। पीडि.त परिवार के लोगों ने उपजिलाधिकारी दुद्धी के सीयूजी नंबर पर कयी बार फोन करके मामले को बताने का प्रयास किया लेकिन उपजिलाधिकारी दुद्धी ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। मामले की जानकारी सोनभद्र सेवा समिति के नेता गिरीश पाण्डेय को होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए गिरीश पाण्डेय ने जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय सिंह को ट्वीट कर मामले से अवगत कराया और यथाशीघ्र पीडि.त परिवार को प्रशासनिक सहायता प्रदान करने को कहा। गिरीश पाण्डेय ने उपजिलाधिकारी दुद्धी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पद की पद पर बैठे लोगों को अपनी जिम्मेदारी का पालन करना चाहिए, जनता का फोन नहीं उठाया जाना गैरजिम्मेदाराना हरकत है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत-चेरवाडीह ,वि0ख0- कोन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/निविदा/टेण्डर/2024-25 दिनांक- 19/06/2024

## निविदा विज्ञाप्ति

मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) एवं अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत-चेरवाडीह, विकास खण्ड कोन मे वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति ( प्रथम श्रेणी ईट, बालू/मोरम/बाले सफेद/बालू/बालू महीन, डाला गिट्टी 20एमएम, स्टोन ब्लास्ट 40एमएम बोल्डर सरिया दरवाजा, शौचालय सम्पूर्ण सामग्री, एन .पी.3 ह्यूम पाईप, कालर सहित सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट व अन्य सोलर सामग्री, हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर सामग्री, खेल सामग्री, साईन बोर्ड, ब्रेन्च क्रय/निर्माण सरिया स्टोन बोल्डर पटिया, रिबोर टाईल्स, पेन्ट,पुटटी वाटर वायरिंग सामग्री, वाटर टैक, समर्सिबल व अन्य सामग्री,ओपन जीम, पी0वी0सी0 व ए0पी0सी0 सामग्री, पानी का टैंकर, बिजली वायरिंग व इलेक्ट्रिक वायरिंग सामग्री, टैंकर क्रय/मरम्मत, खण्डा, फॉगिंग मशीन/सेनेटाईजेशन, स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री, फनीचर कम्प्यूटर, एसेसरीज/रिपेयर, साईनबोर्ड, फर्नीचर व अन्य सामग्री, टॉपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री एवं अन्य सामग्री आवश्यकतानुसार ) की दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता टेण्डर फॉर्म दिनांक 20.06.2024 से 24.06.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर फॉर्म शीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 25.06.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे समिति टेण्डर बताओं जो उपस्थित रहना चाहते है, एकल समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फॉर्म ग्राम पंचायत किशुनपुरवा कार्यालय पर दिनांक 20.06.2024 से 24.06.2024 को 10 बजे से 2 बजे तक 1000 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर की राशि 50000/-रु0 होगी। आवश्यक नियम व शते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होगी। बिन कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षी को सुयुक्त रुप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी<br>
ग्राम पंचायत- चेरवाडीह<br>
वि0ख0- कोन सोनभद्र।


आधुनिक समाचार ™
हिन्दी दैनिक



मिर्ज़ापुर सोनभद्र







## हूटर ब्लैक फिल्म के खिलाफ पुलिस का चला अभियान

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** जिले में फ़ॉर विलर वाहनों में ब्लैक फिल्म व हूटर लगा कर घूमने वालो के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान में यातायात पुलिस व कोतवाली पुलिस के संयुक्त रूप से मंगलवार को स्वर्ण जयंती चौक पर किए चेकिंग अभियान में 10 हूटर निकलवाते हुए 15 फ़ॉर विलर वाहन से निकलवाया गया ब्लैक फ़िल्म दि गई हिदायत वही इस दौरान 25 वाहनों का किया गया ई चालान।यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संयुक्त रूप से जिले के सभी थाना पुलिस व यातायात पुलिस के साथ फोर व्हीलर वाहन में गलत तरीके से हूटर लगाकर व ब्लैक फिल्म लगाकर चलाया जा रहा है जिसको निकलवाने व उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करने का कार्य किया जा रहा है उसी क्रम में मंगलवार को लगभग 25 वाहनों का ई चलान करते हुए ब्लैक फिल्म उतरवाए गए और संबंधित दर्जनों वाहनों को हिदायत दिए गए की आगे से ऐसी शिकायत मिली तो और कड़े चालान किए जाएंगे इस मौके पर थाना प्रभारी सत्येंद्र राय, टीएस आई संजय सिंह, हेड कांस्टेबल चंद्रमा यादव, दिनेश यादव,मस्तान यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं के लाभ की दी जानकारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** आरोह फाउंडेशन द्वारा जिले के विभिनन्‍ गांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही बैंक सेवाओं के स्कीम व जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का आकार किया जा रहा है उसी क्रम में मंगलवार को सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत लसड़ा में गोष्टी चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को बैंक सेवाओं के विषय में जानकारी दी गई। वही कमलेश कुमार फाइनेंशियल काउंसलर व विनय कुमार चौबे असिस्टेंट फाइनेंशियल काउंसलर ने बताया कि वित्तीय साक्षरता सप्ताह कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव के सम्मानित ग्रामवासी व हमारी आरोह टीम उपस्थिती में योजनाओं की जानकारी दी जाती हैं। श्री चौबे ने बताया कि जहां सभी लोगों ने बैंकिंग सेवाओं के बारे में समझा सबसे अच्छी लगने वाली सेवा जो बैंक के माध्यम से लोगों को दी जा रही हैं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,जीवन ज्योति बीमा योजना ,अटल पेंशन योजना ,सुकन्या समृद्धि योजनाओ के बारे मे गांव वालों को जानकारी दिया गया और ग्राम वासियों को बचत के बारे में भी बताया गया की बचत कैसे करें ताकि भविष्य में आप लोगो को कठिनाइ्यों का सामना ना करना पड़े।

## अज्ञात अधेड़ सौ का हुआ तीन दिन बाद शिनाख्त

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्र के धरौर नाले में बीते 2 दिन पूर्व 60 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का मिला शव।जानकारी के अनुसार शाहगंज थाना क्षेत्र के अरुआव शिवपुर गांव निवासी रामरती 60 वषिर्य पुत्र स्व षुक्लु जो बीते कई सालों से अपने घर नहीं जा रहा था वहीं पर जनों द्वारा पता चला कि वह कर्म थाना क्षेत्र में अपने ससुराल में रहते थे इधर बीच तीन चार दिन से अपने घर से ससुराल परिजनों द्वारा सूचना मिली कि वह कहानी लापता हो गए हैं जिस पर परिजन खाने में सूचना देकर खोजबीन शुरू किया उधर शनिवार दोपहर बाद करमा थाना क्षेत्र के धरौर नाले नाले के समीप पशु चराने गए चरवाहे ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दिया मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल मर्चरी में रखवा कर शिनाख्त करने को लेकर पुलिस पहचान फोटो कपड़े के आधार पर आसपास लोगों को सूचित किया वहीं सोमवार दोपहर बाद अधेड़ के परिजनों की सूचित किया गया तो उनके द्वारा मंगलवार को जब शव को देखकर कंफर्म किया गया कि इन्हीं के परिजन है फिर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जूती।



# कार्यालय ग्राम पंचायत-किशुनपुरवा ,वि0ख0-कोन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/निविदा/टेण्डर/2024-25 दिनांक- 19/06/2024

## निविदा विज्ञाप्ति

मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) एवं अन्य योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत-किशुनपुरवा, विकास खण्ड कोन मे वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति ( प्रथम श्रेणी ईट, बालू/मोरम/बाले सफेद/बालू/बालू महीन, डाला गिट्टी 20एमएम, स्टोन ब्लास्ट 40एमएम बोल्डर सरिया दरवाजा, शौचालय सम्पूर्ण सामग्री, एन .पी.3 ह्यूम पाईप, कालर सहित सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट व अन्य सोलर सामग्री, हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर सामग्री, खेल सामग्री, साईन बोर्ड, ब्रेन्च क्रय/निर्माण सरिया स्टोन बोल्डर पटिया, रिबोर टाईल्स, पेन्ट,पुटटी वाटर वायरिंग सामग्री, वाटर टैक, समर्सिबल व अन्य सामग्री,ओपन जीम, पी0वी0सी0 व ए0पी0सी0 सामग्री, पानी का टैंकर, बिजली वायरिंग व इलेक्ट्रिक वायरिंग सामग्री, टैंकर क्रय/मरम्मत, खण्डा, फॉगिंग मशीन/सेनेटाईजेशन, स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री, फनीचर कम्प्यूटर, एसेसरीज/रिपेयर, साईनबोर्ड, फर्नीचर व अन्य सामग्री, टॉपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री एवं अन्य सामग्री आवश्यकतानुसार ) की दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता टेण्डर फॉर्म दिनांक 20.06.2024 से 24.06.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर फॉर्म शीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 25.06.2024 को पूर्वान्ह 12.00 बजे समिति टेण्डर बताओं जो उपस्थित रहना चाहते है, एकल समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फॉर्म ग्राम पंचायत किशुनपुरवा कार्यालय पर दिनांक 20.06.2024 से 24.06.2024 को 10 बजे से 2 बजे तक 1000 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर की राशि 50000/-रु0 होगी। आवश्यक नियम व शते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होगी। बिन कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षी को सुयुक्त रुप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-किशुनपुरवा
वि0ख0- कोन सोनभद्र।

# स्पोर्ट्स





भारत ने शान से सुपर-8 में की एंट्री

## इंग्लैंड और ओमान के मैच में लगी रिकॉड्र्स की झड़ी, आदिल राशिद ऐसा करने वाले बने दूसरे अंग्रेज गेंदबाज

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने शुक्रवार, 14 जून को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के



ग्रुप-सी मैच में ओमान को 8 विकेट से हरा दिया। सुपर-8 में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए इंग्लैंड को इस जीत की जरूरत थी। जोस बटलर ब्रिगेड ने आकिब इलियास एंड कंपनी को 3.1 ओवर लिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड और ओमान ने कई रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए। ओमान पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.2 ओवर में मात्र 47 रन पर ढेर हो गई। आदिल राशिद ने 4 विकेट चटकाए जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को तीन-तीन विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में ही मैच जीत लिया। इस बड़ी जीत से इंग्लैंड का नेट रन रेट ₹3.081 हो गया है। सुपर-8 में पहुंचने की उम्मीद अभी जिंदा बची है इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ओमान पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.2 ओवर में मात्र 47 रन पर ढेर हो गई। आदिल राशिद ने 4 विकेट चटकाए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को तीन-तीन विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में ही मैच जीत लिया। इस बड़ी जीत से इंग्लैंड का नेट रन रेट ₹3.081 हो गया है। इंग्लैंड को अपने अंतिम ग्रुप मैच में नामीबिया को हराना होगा तथा सुपर-8 में जगह बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया से स्कॉटलैंड को हराने की भी उम्मीद करनी होगी। 101 - इंग्लैंड ने ओमान को हराकर टी20घ् में अपनी सबसे बड़ी जीत (101 गेंद शेष रहते) दर्ज की। उनकी पिछली सबसे बड़ी जीत (70 गेंद शेष रहते) दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2021 में वेस्टइंडीज के खिलाफ थी। 1 - ओमान पर इंग्लैंड की जीत टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे बड़ी (शेष गेंदों के हिसाब से) जीत है। इस मैच ने 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया, जब श्रीलंका ने 2014 में चटगांव में नीदरलैंड को 9 विकेट से हराया था, जबकि 90 गेंदें शेष थीं। इंग्लैंड बनाम ओमान मैच मेंस टी20घ् पारी की पहली दो गेंदों पर छक्के लगने का एकमात्र उदाहरण था। दूसरा उदाहरण फरवरी 2023 में स्पेन और आइल ऑफ मैन के बीच मैच में देखने को मिला था। 2 - आदिल राशिद ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी इंग्लिश गेंदबाज द्वारा तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (4-0-11-1) दर्ज किया। सैम करन के नाम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (3.4-10-5) का रिकॉर्ड है और वह 5 विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं। राशिद दूसरे स्थान पर हैं।

## टी20 विश्व कप में 8 साल बाद शाकिब अल हसन के बल्ले ने उगली आग, विराट कोहली के बाद बने ये कारनामा करने वाले खिलाड़ी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 के 27वें मुकाबले में गुरुवार को बांग्लादेश का सामना नीदरलैड्स



हो रहा है। इस मुकाबले में बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने शानदार बलेबाजी की। इस दौरान उन्होंने टी20 इंटरनेशनल करियर का 13वां अर्धशतक भी लगाया। शाकिब ने 9 चौकों की मदद से 46 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए। स्टार ऑलराउंडर की इस पारी की बदौलत बांग्लादेश ने 20 ओवर में 159 रन का स्कोर बनाया। ी20 विश्व कप 2024 के 27वें बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने नीदरलैड्स के खिलाफ अर्धशतक लगाया। शाकिब ने 9 चौकों की मदद से 46 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए। स्टार ऑलराउंडर की इस पारी की बदौलत बांग्लादेश ने 20 ओवर में 159 रन का स्कोर बनाया। इस दौरान शाकिब ने कुछ रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। मुकाबले में अर्धशतक लगाते ही शाकिब ने एक खास उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने टी20 विश?व कप में 8 साल बाद अर्धशतक लगाया है। इससे पहले उन्होंने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 50 रन बनाए थे। इसके अलावा शाकिब वनडे और टी20 विश्व कप में नॉन ओपनर बल्लेबाजों द्वारा दूसरे सर्वाधिक 50 स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

## ओलिंपिक की तैयारी के लिए विंबलडन में नहीं खेलेंगे राफेल नडाल



**लंदन ।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल आशा के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलिंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। राफेल नडाल विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। वह स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलिंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने एक बयान में कहा, ठहमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं।ठ ओलिंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है, जहां नडाल ने रिकार्ड 14 खिताब जीते हैं। नडाल ओलिंपिक में कालीस अलकराज के साथ डबल्स और सिंगल्स वर्ग में खेलेंगे।

## मैच में घटी सांस रोक देने वाली घटना, तंजीद हसन के हेलमेट में फंसी गेंद ना होती ग्रिल तो फूट सकती थी आंख

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** क्रिकेट के सबसे डरावने पलों में से एक टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 27वें मैच में देखने को मिला, जब नीदरलैंड्स के खिलाफ बल्लेबाजी



कर रहे तंजीद हसन के हेलमेट की ग्रिल में गेंद जा कर फंस गई। शुक्र रहा कि ग्रिल से गेंद छूटी नहीं, नहीं तो अनहोनी घटना हो सकती थी। इस सांस रोक देने वाली घटना का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। बांग्लादेशी बल्लेबाज तंजीद हसन गुरुवार 13 जून को नीदरलैंड्स के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मैच के दौरान एक अजीबोगरीब घटना के शिकार हो गए। किंग्सटाउन के अर्नोस वेले ग्राउंड पर जब डच तेज गेंदबाज विवियन किंगमा की तेज बाउंसर तंजीद के हेलमेट के ग्रिल पर जा सभी तो फैंस की सांस एक पल के लिए रुक सी गई थी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बांग्लादेश और नीदरलैंड्स मैच में एक अजीबोगरीब घटना देखने को मिली। टॉस जीतकर नीदरलैंड्स ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया था। नजमुल हसन शांतो और तंजीद हसन ने पारी की शुरूआत की। बांग्लादेश की पारी का तीसरा ओवर विवियन किंगमा करने आए। उनकी एक शानदार बाउंसर गेंद की। गेंद तंजीद के हेलमेट की ग्रिल पर लगी और आश्चर्यजनक रूप से गेंद ग्रिल में ही फंस गई और बड़ा हादसा टल गया तंजीद हसन ने बिना देरी किए हेलमेट उतारा और इस बीच मेडिकल टीम भी ग्राउंड पर आ गई। प्रोटोकॉल के तहत तंजीद की जांच की गई और उनकी आंखों को भी चेक किया गया। सौभाग्य से उनको कोई गंभीर चोट नहीं आई और मेडिकल टीम ने उन्हें खेल जारी रखने की अनुमति दी। तंजीद ने 26 गेंद में 35 रन की पारी खेली, इस दौरान 5 चौके और एक छक्का लगाया। मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 159/5 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।

## तेज रफ्तार टिपर ने कमांडर जीप को मारी टक्कर महिला सहित आधा दर्जन लोग घायल

(आधुनिक समाचार नैटर्वक)
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोक लीलैंड



एजेंसी के पास तेज रफ्तार टीपर ने अनियंत्रित होकर कमांडर जीप में टक्कर मार दिया वहीं कमांडर जिप के चालक सहित जीप में सवार एक ही परिवार के आधार दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके उपरांत राहगीरों व स्थानीय लोगों के मदद सभी घायलों को ऐम्बुलेंस के द्वारा चोपन अस्पताल भेजवाया गया जहा सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन पुलिस अग्रीम कारवाई में जुटी। वहीं सड़क दुघर्टना में घायल 1- शंकर केशरी उम्र लगभग 39 वर्ष पुत्र लक्ष्मण केशरी 2- आकांशा केशरी उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री शंकर केशरी 3- सोनी केशरी पुत्री राजेश केशरी 4- अशमी केशरी उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री शंकर केशरी 5- सीमा केशरी पतने शंकर केशरी निवासी डिग्री कालेज के पास ओबरा सोनभद्र एक ही परिवार का बताया गया इसके साथ जीप चालक जगन अली उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र गुलाम अली निवासी चोपन घायल को हो गये जिनमें चार महिला व दो पुरुष घायल हुए हैं जहां जीप चालक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## शासन द्वारा स्थानांतरित आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र,प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का किया कार्य भार ग्रहण

(आधुनिक समाचार नैटर्वक)
**प्रयागराज।** विगत दिनों शासन द्वारा स्थानांतरित आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी पीएसी सेक्टर कानपुर/वाराणसी द्वारा आज प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का कार्यभार ग्रहण किया। विदित हो कि डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा विगत चार बार से लगातार माघ मेला प्रभारी के रूप में सफलतापूर्वक माघ मेला संपन्न कराया गया है। सूत्रों की माने तो उनका स्थानांतरण आगामी महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज किया गया है। डॉ राजीव नारायण मिश्र को पूर्व में राम जन्मभूमि पर हुए आतंकवादी हमले को विफल करने में योगदान देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति भारत द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## जिलाधिकारी ने जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कायी की समीक्षा कर प्रगति की ली जानकारी

(आधुनिक समाचार नैटर्वक)
**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जन कल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन एवं विकास कायी की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित विभगीय अधिकारियों



को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ऐसे सचिव जो कार्य करने में लापरवाही बरत रहे उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुये कार्यवाही करे। उन्होने खण्ड विकास खण्ड सीखड़ के द्वारा जल सरंक्षण का कार्य ठीक ढंग से होने पर कड़ा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए इसमें किसी प्रकार लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कि जिन विद्यालय की बाउंड्रीवाल, पंखा, छत में सीलिंग आदि समस्याएं है तो उन्हे सत्र प्रारम्भ होने पूर्व जून माह के अन्त तक प्रत्येक दशा में ठीक कराना सुनिश्चित कराए। उन्होने कहा कि वित्तीय स्वीकृति के कायी को सभी अधिकारी धरातल पर उतारें जिससे योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिल सकें। मनरेगा के तहत नदियों के जीर्णोद्धार के बारे में जानकारी ली गयी बताया गया कि लोंहदी नदी का कार्य प्रगति हैं। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि नदियों के जीर्णोद्धार के साथ ही साथ नदियों व तालाबों के किनारें वृक्षारोपण भी कराए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वृक्षारोपण से पूर्व स्थल का चिन्हाकंन कर ले। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण के उपरान्त सभी वृक्षो का जियो टैगिंग भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने कहा कि तालाबो का कलस्टर बनाते हुये कितने तालाबों पर कार्य कराया जा रहा है उनकी सूची उपलब्ध कराया जाए तथा ऐसे तालाब जिनमें पानी न हो उन्हें नहरो अथवा सरकारी ट्यूबेलो भरा जाए। गौ आश्रय स्थल की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर चारा, पेयजल, आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जहां पर व्यवस्थाए नही है वहां मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा उपरोक्त व्यवस्थाए उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराए। उन्होने कहा कि सभी गौ आश्रय स्थलों में शेड की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। उन्होने कहा कि जितने भी चारागाह उन्हे गौ आश्रय स्थलो से जोड़े, ताकि पशुओं के लिये पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध हो सकें। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि खतौनी के अनुसार कितने चारागाह है उसकी एक सूची बनाकर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करा दे। यह भी कहा कि सभी उप जिलाधिकारी समय-समय पर खण्ड अधिकारियों के मीटिंग कर 25 जून 2024 तक सभी चारागाहो को चिन्हित कर लें। उन्होने सभी खण्ड विकास अधिकरियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन गांवो में पेयजल की समस्या है वहां पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक कर समस्या का समाधान कराए जिससे ग्रामीणों की समस्याए निजात दिलाया जा सकें। जिलाधिकारी वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन की भी समीक्षा की गयी। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मछुआ समाज के कितने लोग उनकी बनाए एवं मछुवारो के लिये शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से उन्हे लाभान्वित किया जाए। उन्होने कहा कि खेल के मैदान, अन्पूर्णा शॉप, अमृत सरोवर, चारागाह आदि सभी का चिन्हाकंन कर सूची उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण की समीक्षा के दौरान कहा कि वित्तीय वर्ष के लिये प्राप्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लक्ष्य की पूर्ति के लिये आवेदन कराए तथा जुलाई माह में प्रत्येक दशा में प्रत्येक ब्लाको में प्राप्त प्रार्थना पत्रो के सत्यापन के उपरान्त सामूहिक विवाह कार्यक्रम सुनिश्चित कराए। उन्होने अभ्युदय योजना को प्रभावी बनाते हुये कहा कि ब्लाको के सभागार में आनलाइन माध्यम से कोचिंग की व्यवस्था कराए ताकि दूर दराज ऐसे छात्र जो जनपद मुख्यालय नही पहुंच पा रहे है वे भी उसका लाभ उठा सकें। उन्होने रेन वाटर हारवेस्टिंग की भी समीक्षा करते हुये कहा कि जिन प्राथमिक विद्यालय में कार्य कराए गए है खण्ड विकास अधिकारी उसका निरीक्षण कर आख्या दे तथा जहां पर आगे के लिये प्रस्तावित है खण्ड विकास अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी संयुक्त हस्ताक्षर से यह प्रमाण पत्र दे कि स्कूल में कार्य कराने हेतु स्थान उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक में विभिनन्‍ विभागीय अधिकारियों के पास जनता दर्शन, आई0जी0आर0एस0 व मुख्यमंत्री पोर्टल सहित अन्य माध्यमो से प्राप्त शिकायतो के निस्तारण प्रगति की भी समीक्षा की।

## राशि फल



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## एचएस प्रणय और समीर वर्मा आस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**सिडनी ।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए आस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने सिंगल्स के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया, जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14, 14-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा। एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने आस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। सिंगल्स में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जार्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय



शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। सिंगल्स में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जार्ज को हालांकि, जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने आस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। स्अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला सिंगल्स में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के विरुद्ध 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वाडीयो के विरुद्ध 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।महिला डबल्स में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से 5-21, 9-21 से हार गईं। मिस्क्ड डबल्स में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने आस्ट्रेलिया के काई चेन तेओह और काई क्यू बर्निस तेओह को 21-11, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।


## सम्पादकीय

# जल संकटः सियासत से नहीं बुझेगी दिल्ली की प्यास, टैंकर माफिया के सामने बेबस है सरकार

सियासत अपनी जगह है, पर टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में असमर्थ दिल्ली सरकार पानी के ट्रीटमेंट व स्टोरेज पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रही। वैसे तो मौसम की मार झेल रहे दिल्लीवासियों को हर साल भीषण गर्मी के दौरान पानी की भारी कमी से जूझना पड़ता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दिल्लीवासी पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्ली के जल संकट के लिए कभी दिल्ली के उपराज्यपाल को, तो कभी हरियाणा सरकार को दोषी ठहराती रहीं, तो वहीं उपराज्यपाल जल संकट के लिए पानी की चोरी और बर्बादी को मुख्य कारण बता रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और यह भी माना है कि इसी वजह से यह समस्या इतना विकराल रूप ले पाई है। अब जब हिमाचल साफ कह चुका है कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है, शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ा है कि उसके पास जल बंटवारे के जटिल मुद्दे के समाधान की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। सवाल यह भी है कि जब हरियाणा द्वारा दिल्ली को पूरा पानी दिया जा रहा है, तो दिल्ली पानी की किल्लत क्यों झेल रही है। दिल्ली वाले पानी के लिए क्यों तरस रहे हैं, मारामारी करने पर क्यों उतारू हैं? असलियत में यह सिलसिला दिल्ली में आप की सरकार के अस्तित्व में आने के साथ से ही लगातार जारी है। दिल्ली को हरियाणा से कुल 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। एक से 22 मई तक हरियाणा मुनक नहर के कैरियर लाइन नहर यानी सीएलसी में 719 क्यूसेक और दिल्ली सब ब्रांच यानी डीएसबी नहर में 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91 क्यूसेक तक कम कर दिया गया। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रख-रखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना नितांत गलत है, क्योंकि नहर की मरम्मत और उसके रख-रखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है। हकीकत में मुनक नहर से पानी बवाना लाया जाता है। बवाना से पहले यदि पानी की चोरी होती है, तो इसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। यह तो रही दूसरे राज्यों से पानी आने, न आने की बात। कम पानी आने से वजीराबाद जलाशय का स्तर सामान्य से पांच फीट नीचे आ जाना खतरे का संकेत है। दिल्ली में जगह-जगह लोगों के लिए लगाए गए वाटर एटीएम की बात करें, जिसके बारे में भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के बढ़-चढ़कर दावे किए जा रहे थे, तो हकीकत यह है कि वे खराब पड़े हैं। जहां तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बात है, तो हाल फिलहाल नौ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से ज्यादा काम कर रहे हैं। दिसंबर तक द्वारका में एक नया प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा। लेकिन, असली समस्या तो पानी की मांग और उपलब्धता की है। दिल्ली में पानी की मांग 1,296 एमजीडी से 1,300 एमजीडी तक है, जबकि सप्लाई केवल 998.8 से 1,000 एमजीडी ही है। स्वाभाविक है 300 एमजीडी पानी की कमी तो बरकरार रहती ही है। जल संकट के मद्देनजर कुल 587 ट्यूबवेल लगाने की योजना थी। पहले चरण में इनमें से कुछ लगे भी, जिनसे 19 एमजीडी पानी मिल रहा है, जबकि दूसरे चरण में 2,590 ट्यूबवेल के लिए 1,800 करोड़ की राशि की दरकार थी, जिसकी अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। फिर दिल्ली सरकार के जल बोर्ड की क्षमता केवल 90 करोड़ गैलन पानी के ट्रीटमेंट की ही है। हकीकत यह है कि दिल्ली सरकार खुद ही पानी के ट्रीटमेंट और स्टोरेज पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रही है। ऐसे में दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की पानी की जरूरत कैसे पूरी कर पाएगी, यह समझ से परे है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पानी की बर्बादी रोकने के लिए योजना पेश करने का निर्देश दिया है। ऐसे में जब तकरीबन 40-50 साल पुरानी पाइप लाइन लीकेज और जगह-जगह फटने से हजारों गैलन पानी की बर्बादी रोजमर्रा की बात है, तो इनमें सुधार किए बिना आने वाले दिनों में दिल्ली वाले पानी के संकट से कैसे निजात पाएंगे, यह समझ से परे है। हिमाचल की मनाही और शीर्ष अदालत के अपर रिवर यमुना बोर्ड के पास जाने के लिए कहने के बाद देखने वाली बात है कि अब दिल्ली सरकार पानी के लिए क्या कदम उठाएगी।

# क्षेत्रीय संतुलन और पाकिस्तान, समय की मांग है पुनर्विचार

विदेश नीति पर पुनर्विचार समय की मांग है। ऐसे में, नई सरकार के समक्ष पाकिस्तान समेत सभी सार्क देशों के साथ संतुलन बनाने की चुनौती होगी। भारत की 'पड़ोसी पहले' की नीति 1947 से ही विदेशी संबंधों का अहम हिस्सा रही है। यह पड़ोसियों से संबंध मजबूत बनाने, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, पड़ोसियों के साथ साझा मुद्दों का हल निकालने पर केंद्रित है, जिसे चीन की खतरनाक विस्तारवादी और कर्ज नीति से निपटने के लिए शीर्ष प्राथमिकता देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों एवं हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं की मौजूदगी से स्पष्ट है कि नई दिल्ली इन देशों को कितना महत्व देती है। समारोह में बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मॉरिशस के प्रधानमंत्री एवं सेशेल्स के उपराष्ट्रपति और श्रीलंका तथा मालदीव के राष्ट्रपति मौजूद थे। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का शामिल होना रणनीतिक दृष्टि से इसलिए अहम था, क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। भारत ने 'पड़ोसी पहले' की नीति?के तहत दक्षिण एशियाई देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर हमेशा जोर दिया है। इसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सहयोग और विकास को बढ़ावा देना है। अतीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सार्क नेताओं को निमंत्रण देना, दक्षिण एशिया में नई शुरुआत का संकेत था। मोदी के तीसरे कार्यकाल में दक्षिण एशिया के छोटे देशों के जरिये क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए भारतीय दृष्टिकोण में भू-राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। मालदीव की नकारात्कता के बावजूद भारत ने संयम बरता है, जिससे संबंधों में सुधार की गुंजाइश है। मालदीव और नेपाल चीन के प्रलोभन में फंसे हुए हैं। इसलिए भारत को क्षेत्रीय संतुलन बनाकर राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखना होगा। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देना, इसके जवाब में मोदी का भी धन्यवाद कहना काफी कुछ बयां करता है। नवाज शरीफ ने लिखा कि 'आइए, हम नफरत को आशा में बदलें और दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों की नियति को आकार देने के लिए अवसरों का लाभ उठाएं।' प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत जवाब दिया कि 'भारत के लोग हमेशा शांति, सुरक्षा और प्रगतिशील विचारों के लिए खड़े हैं। अपने लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए आगे बढ़ाना हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।' उल्लेखनीय है कि 2014 में जब मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने, तो नवाज शरीफ भी शपथ ग्रहण में शामिल हुए थे। नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री मोदी के साथ बेहतर रिश्ते रहे हैं। मोदी ने पाकिस्तान से संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास भी किया था। वर्ष 2015 में मोदी अचानक नवाज शरीफ को 66वें जन्मदिन की बधाई देने लाहौर पहुंचे थे और उनकी नातिन मेहरुन्निस्सा की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए थे। हालांकि पाकिस्तानी सेना को यह पहल पसंद नहीं आई थी। इससे पहले 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान का दौरा करके संबंधों में नरमी लाई थी। कूटनीति के सिद्धांतों के अनुसार, भले ही दोनों देशों के बीच संबंधों की निरंतरता को शत्रुता नियंत्रित करती हो, फिर भी बातचीत जारी रहनी चाहिए। अगर पाकिस्तान ईमानदारी दिखाए और सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे, तो भारत फिर से बातचीत शुरू कर सकता है। विशेषज्ञ इस पर एकमत हैं कि चीनी राष्ट्रपति भारत के साथ शत्रुता का भाव रखते हैं, जबकि पाकिस्तान से बातचीत शुरू होने पर अमेरिका भी सहज महसूस करेगा। हालांकि अब स्थितियां बदली हैं और नवाज शरीफ और सेना भारत से रिश्ते में सुधार के लिए एकमत होते दिख रहे हैं, लेकिन आईएसआई को कश्मीर में हिंसा को बढ़ावा देने वाले आतंकियों?को समर्थन देना बंद करना होगा। वहीं, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को पाकिस्तान को माली हालत से बाहर निकालने के लिए आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से व्यापार रोक दिया था। भारत अभी जल्दबाजी में पाकिस्तान के साथ व्यापार का कोई निणर्य भी नहीं लेगा। नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से पड़ोसी देशों पर गहरा असर हुआ है। मोदी अगले पांच वर्ष तक देश की कमान संभालेंगे, ऐसे में विदेश नीति पर पुनर्विचार करना समय की मांग है। साथ ही, सार्क देशों के साथ संबंध सुधारते हुए पाकिस्तान के साथ गतिरोध खत्म करने की पहल करनी होगी, पर पाकिस्तान को कश्मीर फोबिया से बचना होगा।





# राष्ट्र की ओर वापसी, क्योंकि उदारवाद के साथ लोगों की नहीं है सहज सहमति

यूरोप के दो प्रमुख देशों में उग्र दक्षिणपंथी लहर दर्शाती है कि उदारवाद के साथ लोगों की सहज सहमति नहीं जुड़ी, बल्कि इसकी हर चीज पुनर्मूल्यांकन के योग्य है। यूरोप में उदारवाद के केंद्र का ढहना यह भी दिखाता है कि राष्ट्र या घर एक सांस्कृतिक इकाई है और लोग अब इसकी जरूरत समझने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि यूरोप में कोई नया भूत मंडरा रहा है। यूरोपीय संसद के चुनावों के बाद शुरुआती डर तो ऐसा ही दर्शा रहा है। दरअसल बात सिर्फ इतनी है कि वह केंद्र, जिस पर लंबे समय से उदारवादियों का कब्जा था, यूरोप के दो प्रमुख देशों में उग्र दक्षिणपंथी लहर के चलते ढह गया है। फ्रांस में मैरीन ली पेन के नेतृत्व में नेशनल रैली के शानदार प्रदर्शन ने यूरोप के मध्यमार्गी नेता इमैनुएल मैक्रों को भयभीत कर दिया है, जिन्होंने महाद्वीप की उदारवादी आत्मा के संरक्षण को इस कदर अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी मान ली कि उन्होंने शीघ्र संसदीय चुनाव कराने तक का आह्वान कर दिया है। जर्मनी में सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रैट्स ने अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) की तुलना में बहुत खराब प्रदर्शन किया है। अन्य जगहों पर दक्षिणपंथ को मामूली बढ़त मिलने के बावजूद यूरोप ने खुद को पूरी तरह से उग्र दक्षिणपंथ के हवाले कर दिया हो, ऐसा नहीं है। अभी तक तो नहीं। फिर भी महाद्वीप की लोकप्रिय पसंद यानी उग्र दक्षिणपंथ उदारवादी व्यवस्था की कमजोरी और जन असंतोष को समझने में उसकी विफलता को दिखा रही है। आधुनिक फ्रांस का मूल कहे जाने वाले अति राष्ट्रवादियों यानी ली पेन के उत्तराधिकारियों ने मैक्रों के मध्यमार्गी पुनर्जागरण पर विजय हासिल कर उदात्त उदारवाद द्वारा निर्मित आदर्श को तो खंडित किया ही है, एक अस्थिर राष्ट्र को थामे रखने वाले 'मूल निवासियों' की उग्र भावनाओं को भी उजागर किया है। जर्मनी में उग्र दक्षिणपंथ अपराध-बोध की उत्तर-नाजी राजनीति द्वारा संस्थागत रूप से वर्जित राष्ट्र का प्रतिरूप है। उग्र दक्षिणपंथियों के लिए अपराध-बोध को साझा करने से इन्कार करना हिटलर के निरंकुश नेतृत्व का समर्थन नहीं है, यह एक क्रूर इतिहास से उधार ली गई नफरत के बोझ के बिना राष्ट्र की ओर वापसी है। हंगरी और पोलैंड पहले से ही पुनर्जीवित राष्ट्रवादियों के चंगुल में हैं। उदारवादियों की चिंताएं दक्षिणपंथी आक्रोश की तरह ही बढ़ी हुई हैं। इस स्थिति की सबसे स्पष्ट व्याख्या बौखलाए हुए उदारवादियों व मध्यमार्गियों की तरफ से मिलती है, जो पूरा दोष लोगों पर मढ़ देते हैं कि आज लोग यही सब पसंद कर रहे हैं। विचारधाराओं के मलबे से उपजे राजनेताओं पर यह विचार बिल्कुल सटीक बैठता है, जो थके हुए वाम व दक्षिणपंथी अभिजात्यवाद द्वारा त्यागे गए लोगों के डर का फायदा उठाते हुए राष्ट्र की मुक्ति को लेकर एक नए किस्म के मसीहावाद की छवि गढ़ रहे हैं। पश्चिमी उदारवादी इस तथ्य से इन्कार करते हैं कि वे उस समाजशास्त्र के सह-लेखक हैं, जिसने कथित लोकप्रिय लहर को बढ़ावा दिया है। जैसे-जैसे उत्तर-वैचारिक दुनिया में 'वर्ग' राजनीतिक विवाद के रूप में फिर से उभरा, अभिजात वर्ग के खिलाफ नाराजगी अनिवार्य हो गई। यह अभिजात वर्ग, चाहे वह वामपंथी हो या दक्षिणपंथी, सत्ता में इस कदर मशगूल था कि वह स्थायी प्रतिष्ठान के खिलाफ भौगोलिक ताकत को महसूस ही नहीं कर पाया। जब ब्रेग्जिट ने एकीकृत यूरोप की कमजोरी को उजागर कर दिया, तो मूल निवासियों के बदला लेने का क्षण आ गया। जब इंग्लैंड ने अंग्रेज होने के अपने सुकून को वापस पा लिया, तो यह विचार और संस्कृति के मामले में यूरोप को खारिज करना नहीं था, बल्कि ब्रूसेल्स स्थित पोलित ब्यूरो को जवाब देना था। बाद में डोनाल्ड ट्रंप ने तो नीचे से ऊपर उठने वाले नाराज राष्ट्रों के आख्यान को बढ़ावा ही दिया। यूरोपीय राष्ट्रवादियों ने पहले ही शिकायत एवं गर्व की राजनीति को सामान्य बना दिया है। हंगरी और पोलैंड जैसे दो उत्तर-साम्यवादी समाजों में सत्ता में आने के बाद, जहां स्वाभाविक तौर पर स्वतंत्रता को उदारवाद के विपरीत माना जाता था, कट्टरपंथी राष्ट्रवादियों ने राजनीति को एक सांस्कृतिक खोज बना दिया। और जहां भी उनका संघर्ष सत्ता के विरुद्ध था, उन्होंने राष्ट्र के रक्षक की भूमिका निभाई, जबकि उदार अभिजात वर्ग लगातार निराशा फैला रहा था, जैसा कि फ्रांस और जर्मनी में हुआ। इसके अतिरिक्त, अप्रवासन एक ऐसा मुद्दा है, जिसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। एक तर्क और आदर्श के रूप में, राष्ट्र के लिए एक खतरे के रूप में और एक ऐतिहासिक स्मृति के प्रति कृतज्ञता के रूप में अनियंत्रित अप्रवासन एकमात्र ऐसा मुद्दा है, जो आज पश्चिम में किसी का राजनीतिक भाग्य बना या बिगाड़ सकता है-चाहे वह वामपंथी हो, उदारवादी हो या रूढ.िवादी हो। यूरोपीय संसद के चुनावों में उग्र दक्षिणपंथियों ने उदारवादियों और मध्यमार्गियों से अवैध या वैध अप्रवासन के लिए स्पष्टीकरण मांगा। यह उस पुराने सवाल की वापसी है कि हम कौन हैं? उग्र दक्षिणपंथ की ओर से प्रतिशोध के साथ आया यह सवाल उदारवादी व्यवस्था को एक सहज सहमति में बदलने वाली हर चीज को पुनर्मूल्यांकन के योग्य बनाता है। यदि पश्चिम के सांस्कृतिक निर्माण को अप्रवासन की कहानी के बगैर नहीं समझा जा सकता है, तो बहुसंस्कृतिवाद की इसकी स्वीकार्यता को इसकी अपनी संस्कृति में विश्वास के रूप में देखा जाता है। आज उदार आदर्शवाद को उन राष्ट्रों द्वारा चुनौती दी जा रही है, जिनका पुनर्जन्म दक्षिणपंथी कट्टरता के बल पर हुआ है। घर एक अटूट सांस्कृतिक वक्तव्य है और अब लोग इसका अर्थ समझने लगे हैं। रूढ.िवादियों के लिए भी यह बेहद जरूरी है। आखिरकार, उदारवादी होने का अर्थ अनिवार्य रूप से वामपंथी या प्रगतिशील होना नहीं है। नवंबर में ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने और सुनक के जुलाई में हारने की संभावना हमारे समय की रूढ.िवादी कहानी के दो बिल्कुल अलग नजरिये को बयां करती है। अटलांटिक के एक तरफ दक्षिणपंथी बहुत नीचे से आने वाली फुसफुसाहटों को सुनते हैं, तो दूसरी तरफ रूढ.िवादियों ने जनादेश को बर्बाद करने की कला में महारत हासिल कर ली है, जिसे ब्रेग्जिट वोट में बेहद दुस्साहसपूर्वक नवीनीकृत किया गया था। फिर भी ये उदारवादी ही हैं, जो केंद्र में फंसे हैं, उन्हें अपनी घबराहट से छुटकारा पाकर राष्ट्र से संवाद करना सीखने की जरूरत है। उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है, सिवाय अपनी अप्रमाणिक दलीलों के।



# सही वितरण का समय, तभी मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

नई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विचार करना प्रासंगिक है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ गया है, लेकिन हाल के वर्षों में विकास की जो शानदार कहानियां सुनने को मिली हैं, उनमें घटनाएं इसके कई संकेत देती हैं। भारत कई अरबपतियों के साथ तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो सकता है, लेकिन यह बहुत ही असमान समाज है, जहां लाखों लोग सिर्फ जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि देश का जो विकास हुआ है, उसे नजर अंदाज कर दिया जाए। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने ग्रामीण भारत, जहां अब भी अधिकांश भारतीय रहते हैं, की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी। एक दशक पहले की तुलना में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुना हो गई, और 10,000 किलोमीटर सड़कें तथा 15 गीगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता प्रति वर्ष बढ़ाई गई है। विकास के और भी बहुत से काम किए गए, लेकिन वास्तविकता यह है कि इसका लाभ अभी तक ग्रामीण आबादी, विशेषकर गरीबों तक नहीं पहुंचा है।पूरे देश में करीब 80 करोड़ लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना पर निर्भर हैं।



ग्रामीण, कृषि आबादी की आजीविका के संघर्ष और बेरोजगार युवाओं की बेचैनी को नजर अंदाज कर दिया जाता है। इस बार के लोकसभा चुनाव ने दिखाया कि इन दोनों मुद्दों का क्या महत्व है। लाखों आम भारतीय, जिनके पास कोई पुश्तैनी संपत्ति या सामाजिक संपर्क नहीं है, कम आय और बढ़ती खाद्य कीमतों से जूझ रहे हैं। यही सच्चाई है। जो लोग इन मुद्दों पर ध्यान देते रहे हैं, उनके लिए ग्रामीण भारत के संकट और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी कोई नई बात नहीं है। निराशा और हताशा की खबरें बार-बार आती हैं। हिंदी पट्टी में भर्ती परीक्षाओं में 'पेपर लीक' के कारण परीक्षाओं के रद्द होने की

# बॉलीवुड/टेली मसाला





त्यागी' जी 'मटका किंग' बनकर करेंगे गैबलिंग

## क्या था सुशांत सिंह राजपूत का 4747 से कनेक्शन अभिनेता की इन बातों से भी अनजान होंगे आप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 12 साल टीवी और 7 साल बॉलीवुड के करियर में सुशांत सिंह राजपूत ने अपने हुनर और





मेहनत के दम पर सिनेमा जगत में एक अलग पहचान हासिल की। पटना में जन्मे सुशांत घर से इंजीनियर बनने निकले थे लेकिन किस्मत ने उन्हें अभिनेता बना दिया। के निधन को आज 4 साल हो गये हैं। 14 जून को अभिनेता ने हमेशा-हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। अभिनेता के निधन का गम आज भी उनके चाहने वालों के दिल से नहीं गया है। अपनी काबिलियत और जुनून के लिए वह हमेशा याद किये जाएंगे। यहां जानिए अभिनेता से जुड़ी कुछ अनकही और दिलचस्प बातें। 21 जनवरी 1986 को पटना में जन्मे सुशांत सिंह राजपूत ने होमटाउन में शुरुआती पढ़ाई करने के बाद दिल्ली आ गये थे। दिल्ली वह इंजीनियर बनने आये थे, लेकिन थिएटर से जुड़ने के बाद उनके अंदर अभिनय का कीड़ा जाग उठा था। आपको जानकर हैरानी होगी कि वह 11 इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में पास हुए थे। यही नहीं, ऑल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम (ींं में सुशांत की 7वीं रैंक आई थी। सुशांत ने दिल्ली स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में पढ़ाई भी की। तीन साल तक इंजीनियर की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने कॉलेज छोड़ दिया। वह पढ़ाई में अव्वल थे, लेकिन अभिनय उनका पैशन था और इसे फॉलो करने के लिए उन्होंने पढ़ाई बीच में छोड़ने का फैसला लिया था। सुशांत सिंह राजपूत को एक्टिंग के साथ-साथ डांस में भी महारत हासिल थी। उन्होंने श्यामक डावर के ग्रुप और एश्ले लोबो से डांस की सीख ली और नादिरा बब्बर के थिएटर ग्रुप व बैरी जॉन के एक्टिंग स्कूल से अभिनय का पाठ सीखा। आपको शायद ही पता हो कि अभिनेता ने ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म 'धूम 2' में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर काम किया था। शाह रुख खान पहले बॉलीवुड अभिनेता हैं, जिनका चांद पर घर है। मगर शायद ही आपको पता हो कि सुशांत सिंह राजपूत का भी चांद पर अपनी जमीन थी। साल 2018 में सुशांत ने इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनका प्लॉट सी ऑफ मसकोवी में है। दोनों हाथ से लिखने का हुनर रखने वाले सुशांत के पास हाई एडवांस टेलीस्कॉप भी था। उन्होंने नासा ) जाकर एस्ट्रोनेट बनने की तैयारी भी की थी, लेकिन वह उस किरदार को निभा नहीं पाये। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2008 में टीवी सीरियल 'किस देश में है मेरा' से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। सीरियल में भले ही उनका सेकंड लीड रोल था, लेकिन उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल चुरा लिया था। इसके बाद उन पर एकता कपूर की नजर पड़ी और उनके हाथ 'पवित्र रिश्ता' लगी। इस सीरियल ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। सुशांत को हमेशा से बॉलीवुड में काम करना था। इसलिए टीवी में चमकने के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया की ओर रुख किया और पहली फिल्म 'काई पो छे' की। उन्होंने इंडस्ट्री में 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' से पहचान मिली। फिर उन्होंने 'केदारनाथ' और 'छिछोरे' जैसी फिल्मों में काम किया। 14 जून 2020 को अभिनेता का निधन हो गया था।

## पहली बार पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाएंगी हरलीन सेठी, कभी विक्की कौशल के साथ जुड़ा था नाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एकता कपूर की वेब सीरीज 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' और कोहरा जैसी वेब सीरीज में अपनी अदायगी का दम दिखाने वाली हरलीन सेठी जल्द ही अब अनुराग



कश्यप की वेब सीरीज 'बैड कॉप' में नजर आएंगी। इस सीरीज में उनका रोल बेहद ही दमदार होने वाला है। एकता कपूर की वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल से चर्चा में आई थीं। कुछ सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल संग भी उनका नाम जुड़ा था खबर थी की दोनों एक समय पर डेट कर चुके हैं। कोहरा जैसी वेब सीरीज का हिस्सा रहीं हरलीन सेठी अब जल्द ही अनुराग कश्यप के साथ बैड कॉप वेब सीरीज में दिखाई देंगी। हरलीन सेठी में ब्रोकन बट ब्यूटीफुल को लेकर खूब तारीफें बटोरी थीं। हालांकि, कुछ सालों पहले वह बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल के साथ कथित तौर पर अपने रिश्ते को लेकर भी सुखियां बटोर चुकी हैं। हाल ही में हरलीन सेठी ने अपनी आगामी सीरीज के बारे में बातचीत की और बताया कि एक्टिंग की दुनिया में उन्होंने कैसे अपनी शुरुआत की। इंडस्ट्री में जब अवसर मिलने लग जाते हैं, तो आत्मविश्वास बढ़ जाता है। ऐसा ही कुछ कोहरा और ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल वेब शो की अभिनेत्री हरलीन सेठी के साथ भी रहा है।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्मों में नहीं निभाएंगे ये अब किरदार, इस डायरेक्टर की मूवी को किया इनकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** असफलताएं कई सीख भी देकर जाती हैं। अगर इंसान



उन्हें अपनी जिंदगी में लागू करें, तो आगे बढ़ने में आसानी होती है। शायद ऐसा ही सोचकर अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पुलिसकर्मी की भूमिका निभाने से मना कर दिया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेताओं में से एक हैं। उन्हें पिछले काफी समय से कई फिल्मों में कॉप का किरदार निभाते हुए ही देखा गया है। अब खबर आ रही है कि एक्टर किसी मूवी में सैन्य अधिकारी की भूमिका नहीं निभाएंगे। सिर्फ इतना ही नहीं उन्होंने बी टाउन की फेमस डायरेक्टर की एक मूवी को भी मना कर दिया है। दरअसल, सिद्धार्थ पहले 'शेरशाह' में सैन्य अधिकारी, फिर वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' में पुलिस अधिकारी और हालिया प्रदर्शित फिल्म 'योद्धा' में सैन्य अधिकारी की भूमिका निभा चुके है। एक तरफ जहां एक ही तरह की भूमिकाएं निभाते हुए कलाकारों को टाइपकास्ट होने का जोखिम रहता है, वही 'योद्धा' की असफलता ने भी सिद्धार्थ को झटका दिया। हाल ही में खबरें आई थी कि वह फिल्म निर्देशिका मेघना गुलजार के साथ फिल्म करने जा रहे हैं, जिसमें उन्हें फिर से पुलिसकर्मी की भूमिका निभानी थी। हालांकि, सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, अब सिद्धार्थ ने इस फिल्म को करने के इनकार कर दिया है 'योद्धा' की असफलता के बाद अब वह वर्दीधारी भूमिकाएं निभाने से बच रहे हैं। अब ऐसे प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता दे रहे हैं, जहां उन्हें विविध भूमिकाओं में उनकी कला के अलग-अलग पहलू दिखाने का मौका मिले। अब खबर है कि वह निर्माता मुराद खेतानी के साथ एक्शन फिल्म कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करने वाले हैं, जिन्होंने रणदीप हुड्डा की 'तेरा क्या होगा लवली' का निर्देशन किया था। इसके साथ ही सिद्धार्थ की अपनी पतनी और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ भी एक फिल्म करने की खबर है। अब देखना दिलचस्प होगा कि सिद्धार्थ वर्दीधारी भूमिकाओं से कितने दिनों तक बचकर चलते हैं।कियारा के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ भी काम करते हुए नजर आ सकते हैं। यह रोमांटिक मूवी होने वाली है। बताया जा रहा है कि यह मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली है, जो लव स्टोरी होगी। हालांकि, इसकी अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

## 'मुंज्या' के आगे डटकर खड़ी है 'चंदू चैम्पियन', बुधवार को कमाए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म 'चंदू चैम्पियन' को



सिनेमाघरों में रिलीज हुए 6 दिन हो गए हैं। कार्तिक आर्यन स्टारर यह मूवी लोगों को काफी पसंद आ रही है। आम लोग ही नहीं, बल्कि स्टार भी इस मूवी की तारीफ कर रहे हैं। इसमें एक्टर ने मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई है। कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म चंदू चैम्पियन अपनी घोषणा के समय से ही चर्चा में बनी हुई है और अब यह मूवी सिनेमाघरों में भी दस्तक दे चुकी है। फिल्म देखने के बाद शबाना आजमी जावेद अख्तर और कपिल देव समेत कई स्टार इस मूवी के फैन हो गए हैं। बता दें कि फिल्म मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है। 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस मूवी ने भले ही ओपनिंग डे पर थोड़ी धीमी शुरुआत की हो, लेकिन इसके बाद 'चंदू चैम्पियन' के कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला है। फिल्म ने रविवार को शानदार कमाई की। अब चलिए जानते हैं कि इसने छठे दिन कितना कारोबार किया है। फिल्म चंदू चैम्पियन में कार्तिक आर्यन ने भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभा कर अपनी दमदार परफॉर्मेंस दी है। उनके अभिनय की लोग तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, अच्छी कहानी और दमदार अभिनय के बावजूद भी इस मूवी ने अपने ओपनिंग डे पर धीमी शुरुआत करते हुए लगभग 4.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। इसके बाद दूसरे दिन मूवी ने 7 करोड़ रुपये का बिजनेस किया और रविवार को इसके कलेक्शन में भारी इजाफा देखने को मिला। चंदू चैम्पियन ने संडे की छुट्टी का भरपूर फायदा उठाते हुए 9.75 करोड़ करोड़ का कारोबार किया। हालांकि, चौथे दिन फिल्म को बकरीद की छुट्टी का फायदा नहीं मिला और इसके कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आई। फिल्म ने उस दिन 5 करोड़ का बिजनेस किया। अब सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, मूवी ने अपने छठे दिन यानी बुधवार को सिर्फ 3 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। ऐसे में अभी तक इस मूवी का कुल कलेक्शन 32.75 करोड़ रुपये हो गया है। कार्तिक आर्यन की मूवी 'चंदू चैम्पियन' के साथ इस समय बड़े पर्दे पर किसी बड़े सुपरस्टार की मूवी नहीं है, लेकिन इसे शरवरी वाघ की हॉरर कॉमेडी मूवी 'मुंज्या' से कड़ी टक्कर मिल रही है।

## आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' की रिलीज पर गुजरात हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान के बेटे






जुनैद खान फिल्म महाराज से डेब्यू करने वाले हैं। फिल्म शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। अब गुजरात हाई कोर्ट ने महाराज की रिलीज पर 18 जून तक रोक लगा दी है। फिल्म अपने कंटेंट के कारण विवादों में घिरी हुई थी। महाराज फिल्म के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (न्प्इ) ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। फिल्म अपने कंटेंट के कारण विवादों में घिरी हुई थी। वहीं अब फिल्म को लेकर रोक का फैसला आ गया है। जुनैद खान की महाराज के कंटेंट को लेकर कुछ सामाजिक संगठनों ने आपत्ति जाहिर की थी। उन्होंने अदालत से फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की अपील करते हुए याचिका दायर की थी। महाराज 14 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली थी। 13 जून को फिल्म की रिलीज पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। महाराज पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लगे हैं। ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ये फिल्म वैष्णव समुदाय के एक धार्मिक प्रमुख के इर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में न्प्इ ने अदालत से फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की अपील की थी, क्योंकि ये धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। महाराज को लेकर गुरुवार को अहमदाबाद और मुंबई उच्च न्यायालयों में सुनवाई हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात हाई कोर्ट ने फिल्म पर 18 जून तक के लिए रोक लगा दी है। ईटाइम्स में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि कुछ भक्तों और पुष्टिमार्गीय वैष्णव पंथ के अनुयायियों ने गुजरात उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिस पर उच्च न्यायालय ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, फिल्म महाराज के निर्माता यश राज फिल्म और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को नोटिस जारी किया। हाई कोर्ट ने 18 जून तक के लिए महाराज के ओटीटी और मीडिया प्रसारण पर रोक लगा दी है। जुनैद खान के साथ फिल्म महाराज में जयदीप अहलावत और शरवरी वाघ भी अहम किरदार निभा रहे हैं। महाराज के अलावा जुनैद एक और बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ एक्ट्रेस सई पल्लवी नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग जापान के खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है।

## सोनाक्षी सिन्हा ने सोनाक्षी की शादी में शामिल ना होने की खबर पर लगाया फुल स्टॉप

**(आधुनिक समाचार नैटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को जहीर इकबाल से शादी करने वाली हैं। दोनों करीब 7 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। इस बीच खबर आ रही थी कि सोनाक्षी के पिता शत्रुघन सिन्हा इस बात से नाराज हैं कि सोनाक्षी सिन्हा ने उन्हें शादी के बारे में खुद नहीं बताया। ये अफवाह थी कि वो शादी में शामिल नहीं होंगे। काफी समय से ये अफवाह चल रही थी कि सोनाक्षी सिन्हा की शादी में शत्रुघन सिन्हा शामिल नहीं होंगे क्योंकि वो बेटी से नाराज हैं। सोनाक्षी 23 जून को अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी कर रही हैं। हालांकि अब उनके पिता ने इस पर बात करते हुए सभी अफवाहों पर लगाम लगा दी है। हालांकि अब शत्रुघन सिन्हा ने इस सभी खबरों पर फुल स्टॉप लगा दिया है। शॉटगन ने उन खबरों को खारिज किया है जिनमें दावा किया गया था कि वह अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा से नाराज हैं और शादी में ना शामिल होने की योजना बना रहे हैं।

## अरबाज खान की एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी ने बिग बॉस में शामिल होने को लेकर तोड़ी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आने वाले 21 जून को बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन आने वाला है। सभी को



इस विवादित शो का ब्रेसब्री से इंतजार है। हर कोई जानना चाहता है कि शो के कंटेस्टेंट्स कौन हैं? पिछले दिनों कुछ मीडिया पोर्टल्स ने दावा किया था कि इंडियन एक्ट्रेस और मॉडल जॉजिन्या एंड्रियानी भी बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा होंगी। हालांकि,अरबाज खान की पूर्व गर्लफ्रेंड ने अब इसकी ऑफिशियल पुष्टि कर दी है कि वह शो का हिस्सा नहीं बनेंगी। मलाइका अरोड़ा से अलग होने के बाद अरबाज खान काफी समय तक मॉडल और एक्ट्रेस जॉजिन्या एंड्रियानी को डेट कर रहे थे। हालांकि ये रिश्ता ज्यादा नहीं चल पाया और दोनों साल 2022 में अलग हो गए। अब खबर आ रही है कि अरबाज की एक्स गर्लफ्रेंड जियोजिन्या बिग बॉस में शामिल हो सकती हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए जॉजिन्या ने कहा, ठमैं बिग बॉस हाउस में नहीं जा रही हूं।ठ जॉजिन्या ने गेस्ट इन लंदन और वेलकम टू बजरंगपुर समेत कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। वह बीबा और दिल जिसे जिंदा है जैसे कई म्यूजिक वीडियो का भी हिस्सा रह चुकी हैं। बता दें कि जॉजिन्या कुछ समय पहले सलमान खान के भाई अरबाज खान को डेट कर रही थीं। हालांकि इसके बाद साल 2022 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। ब्रेकअप के बाद अरबाज ने शूरा खान से शादी कर ली थी। जैसी ही अरबाज ने शूरा से शादी की इसके बाद कई लोग उनपर सवाल उठाने लगे कि एक्टर ने तुरंत ब्रेकअप के बाद शादी कर ली। इस पर सफाई देते हुए अरबाज ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा,ङ्ख यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे यहां बैठना पड़ रहा है और इस तरह का स्पष्टीकरण देना पड़ रहा है,लेकिन मेरा पिछला रिश्ता शूरा से मिलने से लगभग डेढ़ साल पहले ही खत्म हो गया था। उसके साथ मेरा एक साल का डेटिंग पीरियड रहा। शूरा से मिलने से पहले मैं लगभग डेढ़ साल तक किसी को डेट नहीं कर रहा था और यही हकीकत है। बिग बॉस ओटीटी 3 का प्रीमियर जियो सिनेमा पर होगा। सलमान खान की जगह इस बार अनिल कपूर शो को होस्ट करेंगे। कुछ मशहूर हस्तियां जो इसका हिस्सा हो सकती हैं उनमें साई केतन राव,चंद्रिका दीक्षित,मीका सिंह,सोनम खान,सना मकबुल,सना सुल्तान का नाम सामने आ रहा है।




# विश्व संगीत दिवस' पर नन्हें संगीतकारों को सलाम

**(आधुनिक समाचार नैटर्वक)**

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज स्टडीज (आईएमएस) नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम



नमस्ते 90.4 में विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हें संगीतकारों ने संगीत के प्रति अपनी साधना को रेडियो के माध्यम से जाहिर किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक संगीतकारों ने जनजागरूकता के लिए स्वरचित गीत प्रस्तुत किए कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संगीत को बच्चों की शिक्षा का एक अभिनन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि वे न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध हो सकें। वहीं बचपन से ही संगीत के शौकीन एवं गीतकार रुचि भैराली ने बताया कि संगीत ऐसा होना चाहिए जो समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा बने। समाज में सकारात्मक सोच के लिए संगीत एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में संगीत को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि बच्चे अपनी रचनात्मकता को निखार सके और समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकें। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि विश्व संगीत दिवस पर आयोजित आज के कार्यक्रम का उद्देश्य युवा एवं प्रतिभावान संगीतकार को प्रयोगात्मक संगीत के लिए प्रेरित करना है। वहीं आज के कार्यक्रम में बच्चों ने विभिनन संगीत वाद्यों पर अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जिसमें तबला, बांसुरी, गिटार, जैसे वाद्य शामिल थे। इसके अलावा, बच्चों ने शास्त्रीय और आधुनिक संगीत का संगम प्रस्तुत करते हुए गीत भी गाए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते की टीम को भी बधाई दी गई, जिन्होंने इस कार्यक्रम को प्रसारित कर नन्हें संगीतकारों की आवाज़ को व्यापक स्तर पर पहुँचाया।

# नोएडा कांग्रेसी नेताओं ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर शरबत वितरण किया

**(आधुनिक समाचार नैटर्वक)**

**नोएडा।** जननायक राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मोहब्बतें शरबत का वितरण किया गया महानगर कांग्रेस कमेटी



नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में सेक्टर 53 पार्टी कार्यालय नोएडा गिझोड में राहगीरों मजदूर एवं जरूरतमंदों के लिए मोहब्बतें शरबत का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ो राहगीर एवं मजदूरों ने तपती गर्मी में शरबत पीकर राहत पाने का प्रयास किया जिसमें मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव, पूर्व अध्यक्ष नोएडा शहाबुद्दीन, कांग्रेस नेता राजा कुमार भारती, कांग्रेस नेता सत्येंद्र शर्मा, दयाशंकर पांडे, सुनील वशिष्ठ , सोशल आउटरीच युवा अध्यक्ष नोएडा मोहम्मद चांद , अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर हिमाचल प्रदेश प्रभारी लियाकत चौधरी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गौतमबुधनगर राजकुमार मोनू , विक्रम चौधरी, गौतमबुधनगर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जावेद खान,डा सीमा, एससी एसटी नोएडा महानगर अध्यक्ष रोहित चौधरी , रोहित शिप्रा , सतीश पांचाल, अरुण प्रधान, आरिफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवा शक्ति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायक पहल

**(आधुनिक समाचार नैटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी भूमिका निभा रही है। 2.5 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और स्टील के बर्तनों का उपयोग कर प्रोत्साहित करना एक सराहनीय पहल है। भारतवर्ष में एकादशी और बड़े मंगल जैसे बड़े त्योहारों पर करोड़ों लोगों को जल वितरण करते समय पर्यावरण के प्रति उदासीनता देखी गयी। अपनी छमता अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने वालों ने हजारों टन प्लास्टिक और डिस्पोजल कचरा इकठ्ठा करके प्रकृति के प्रति अपनी उदाशीनता में योगदान दिया। यह समय हमें प्रकृति संरक्षण की अलख जगाने का अवसर प्रदान करता है। शक्ति - वाईएसएस फाउंडेशन की सभी अयोजको से विनम्र अपील है किः अपने पुण्य के लिए प्रकृति का बोझ न बढ़ाएं। पर्यावरण हितैषी नीतियां अपनाएं।पुनः उपयोग करने योग्य वस्तुओं का उपयोग करें और कम से कम कचरा पैदा करें। हम सब मिलकर पृथ्वी को बचा सकते हैं! इस महौत्सव में एयर कमोडोर नृप कुमार मेहता, एक्टिव ग्रुप एवं नवरतन फाउंडेशन अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, शैल माथुर, अर्थ वारियर्स से पंकज, अतुल, नोफा महासचिव राजेश सहाय, भाजपा जिला महामंत्री उमेश त्यागी, भोर लिविंग सुनीता एवं राजेश जेटली, सामाजिक कार्यकर्ता, विक्रम सेठी, मनीष गुप्ता, कुबेर बिस्ट रेनू बाला, शैल माथुर, श्रेया शर्मा, स्थानीय ट्रैफिक एवं सिविल पुलिस, महासचिव दुर्गा प्रसाद दुबे, संदीप यादव, गोपाल गुप्ता, पुष्कल गुप्ता, ऋषभ, अर्पित अगिन्होत्री, साक्षी उपाध्यक्ष, पूजा वर्मा, प्रिया, शिवांगी, राजा, किशन तिवारी, सुषमा निषाद, आकाश चौहान, राजू, सोनू, मनीष पाण्डेय, विकास, अनिल चौधरी, विपिन, संदीप, अनमोल सहगल एवं अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।